आकाशवाणी शिमला

14.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

सी.एम.

कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आम लोगों की सरकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बिना मांगे हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना कर उन्हें धरातल पर लागू कर रही है। मुख्यमंत्री ने आज धर्मशाला में कांग्रेस प्रत्याशी देविन्द्र जग्गी के नामांकन दाखिल करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा सरकार पर राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश का खजाना खाली किया और केंद्र से भी पैसा लाने में नाकाम रही। उन्होंने इस दौरान धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा पर भी आरोपों की बौछार की और कहा कि सुधीर शर्मा ने शहरी विकास मंत्री रहते गलत ढंग से जमीनें खरीदी जिसका दस दिन के भीतर खुलासा किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि सुधीर शर्मा के मन में जनता के लिए कोई पीड़ा नहीं है और उन पर हमेशा ही धन का लालच रहा। उन्होंने ये भी कहा कि सुधीर शर्मा राजनीति में सेवा करने नहीं बल्कि ऐशोआराम के लिए आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति की मंडी में कथित तौर पर बिकने वाले कांग्रेस के अयोग्य करार दिए गए 6 पूर्व विधायकों को प्रदेश की जनता सबक सिखाएगी। इस मौके पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा भी मौजूद रहे।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि देश व प्रदेश में कांग्रेस का ग्राफ तेजी से गिर रहा है। बिंदल ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता लगातार पार्टी छोड़ रहे है क्योंकि कांग्रेस गांधी परिवार की पार्टी बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस पार्टी में ये लोग घुटन महसूस कर रहे हैं। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातियों को विभाजित करने के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता देश वासियों को पाकिस्तान के एटम बम का खौफ दिखा रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा ही देश विरोधी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। बिंदल ने आज मंडी में आयोजित चुनावी सभा को भी संबोधित किया।

विक्रमादित्य सिंह

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव जीतने पर वह इस संसदीय क्षेत्र में लोगों को सभी मूलभूत सविधाएं उपलब्ध करवाएंगे ताकि मंडी संसदीय क्षेत्र को देश का आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के छतरी, गाड़ागुसैन और थाटा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में उनका मुकाबला एक ऐसे उम्मीदवार से हो रहा है जिसे न तो इतिहास की जानकारी है और न ही इस क्षेत्र की।

इंडिया गठबंधन

इंडिया एलाइंस के हिमाचल के नेताओं ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। इंडिया एलाइंस में शामिल दलों के नेताओं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पूर्व विधायक राकेश सिंघा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर और सीपीआईएम ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए आज सभी लोकतांत्रिक राजनीतिक

दलों ने गठबंधन किया है। रोहित ठाकुर ने कहा कि अभी तक हुए चार चरण के मतदान में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने मौजूदा लोकसभा चुनाव को असाधारण करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र का अतिक्रमण करना चाहती है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने दस साल पहले जो वायदे किए थे उन्हें आज दिन तक पूरा नहीं किया गया है।

मौसम

प्रदेश वासियों को आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलती रहेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों में कहा गया है कि हिमालय क्षेत्र में 17 मई से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 17 मई से ही राज्य के मध्य पर्वतीय व अधिक ऊँचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। इस बीच जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को अभी भी सुबह–शाम ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

———————————